卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 136 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦21 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

# दिव्य और भव्य होगा आगामी महाकुंभ: धामी

## 235 करोड़ की योजनाओं से संवरेगा हरिद्वार ,सीएम धामी ने 34 परियोजनाओं की रखी आधारशिला

हरिद्वार (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में सरकार ने अपने कदम तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए तीर्थनगरी हरिद्वार पहुंचे। कुंभ मेला नियंत्रण भवन (सीओसीआर) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 234.55 करोड़ रुपये की लागत वाली 34 प्रमुख स्थाई अवसंरचना योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं का खाका न केवल कुंभ मेले





के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को ध्यान में रखकर खींचा गया है, बल्कि इनका उद्देश्य हरिद्वार के दीर्घकालीन विकास को नई ऊंचाई प्रदान करना भी है। शिलान्यास की गई परियोजनाओं में बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। इसके तहत 70.54 करोड़ रुपये की लागत से 07 नए घाटों का निर्माण और सिंचाई अवसंरचना को मजबूत किया जाएगा। यातायात को सुगम बनाने के लिए 127.23 करोड़ रुपये से सड़क व परिवहन के 12 महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी गई है। साथ ही श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए 18.11 करोड़ रुपये की 09 पेयजल योजनाएं और 18.67 करोड़ रुपये की लागत से 06 सहायक सुविधाओं वाले प्रोजेक्ट्स पर काम शुरू किया गया है। सीसीआर भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंभ प्रशासन को सख्त दिशा-निर्देश देते हुए अपना विजन स्पष्ट किया। मुख्यमंत्री ने कहा महाकुंभ-2027 केवल उत्तराखंड का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व की आस्था का प्रतीक है। हमारा संकल्प है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के (शेष पृष्ठ सात पर)

# राष्ट्रीय सुरक्षा हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी: जनरल अनिल चौहान

## श्रीनगर के दौरे पर पहुँचे सीडीएस, गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से किया संवाद

श्रीनगर (उद संवाददाता)। देश के रक्षा स्टाफ प्रमुख जनरल अनिल चौहान शनिवार को श्रीनगर गढ़वाल के दौरे पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों और रणनीतिक कौशल पर विस्तार से संवाद किया। देवभूमि और सैन्यभूमि के गौरवशाली संगम को रेखांकित करते हुए सीडीएस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का दायरा केवल सरहदों पर तैनात वर्दीधारी सैनिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के हर नागरिक



की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि राज्य की सामरिक सोच को अब जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सके। विश्वविद्यालय के विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए जनरल अनिल चौहान ने भारत में 'स्ट्रैटेजिक कल्चर' यानी रणनीतिक संस्कृति को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक पटल पर व्यापक विमर्श होना चाहिए। छात्रों को सादगी का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं को सदैव एक विद्यार्थी मानते हैं और जीवन में सरलता ही सबसे बड़ी तरक्की का आधार है। उन्होंने विश्व विद्यालय की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और हाल ही में मुंबई में आयोजित(शेष पृष्ठ 7 पर)

# दहशत फैलाने वाले दो युवक तमंचे के साथ किये गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार साप्ताहिक बाजार में मारपीट करने और तमंचे लहराकर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक 12 बोर और एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, 20 फरवरी की शाम डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मैट्रोपोलिस मॉल के पीछे साप्ताहिक शुक्र बाजार में कुछ लोगों ने दुकानों के सामने झगड़ा किया है और उनके पास बंदूक भी है। सूचना पर उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट और उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मारपीट करने वाले दो युवक धर्मपुर फ्लाईओवर के पास खड़े हैं और उनके पास वही हथियार भी मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए धर्मपुर फ्लाईओवर पर घेराबंदी की और भागने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर विजयपाल पुत्र रामसरन, निवासी कृष्णा नगर गदरपुर के पास से एक 12 बोर का तमंचा बरामद (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं शुरू, 2.15 लाख छात्र दे रहे परीक्षा

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षाएं आज से शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गई हैं। इस वर्ष प्रदेश भर के 1261 केंद्रों पर कुल 2,15,252 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। शिक्षा विभाग और बोर्ड प्रशासन ने परीक्षा को पूरी तरह



नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के 100 गज के दायरे में धारा 144 (अब धारा 163 बीएन एसएस) लागू कर दी गई है।बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार

# खटीमा हत्याकांड: लालची भतीजा ही निकला ताई का कातिल

## 70 सीसीटीवी कैमरों ने उगला सच, पैसों की खातिर मफलर से घोंटा था वृद्ध महिला का गला

खटीमा/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने खटीमा क्षेत्र के चर्चित बुजुर्ग महिला हत्याकांड का 72 घंटे के भीतर सफल अनावरण कर सनसनीखेज खुलासा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में काम कर रही पुलिस टीम ने साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ते हुए मृतका के सगे भतीजे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महज कुछ रुपयों के लालच में अपनी ताई की बेरहमी से हत्या कर दी थी। बता दें बीती 18 फरवरी की देर रात डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि सितारगंज रोड स्थित देवभूमि धर्मशाला कॉलोनी में एक



मकान के भीतर वृद्ध महिला जानकी चंद का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने जब घटनास्थल का निरीक्षण किया, तो मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हुआ। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की संवेदन शीलता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस की कई टीमें गठित कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए। जांच के दौरान पुलिस टीमों ने खटीमा शहर और घटनास्थल के आसपास लगे लगभग 60 से 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के बाद पुलिस का शक मृतका के भतीजे रवि चंद पर गहराया। एसएसपी अजय गणिपति ने पत्रकारों को बताया कि शनिवार को पुलिस (शेष पृष्ठ 7 पर)

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 37 .85 लाख की साइबर ठगी

## फेसबुक लिंक और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए जालसाजों ने बिछाया जाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा देकर हल्द्वानी निवासी एक व्यक्ति से करीब 37.85 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। जालसाजों ने प्रतिष्ठित स्टॉक ब्रोकिंग फर्म का नाम इस्तेमाल कर फर्जी एप्लीकेशन डाउनलोड कराई और विभिन्न बैंक खातों में निवेश के नाम पर मोटी रकम ट्रांसफर करा ली। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं परिक्षेत्र में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, नृपेन्द्र कुमार सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह, निवासी राजारानी विहार, हल्द्वानी (मूल निवासी अमरोहा, उत्तर प्रदेश) ने साइबर थाने में दी तहरीर में बताया कि 2 नवंबर 2025 को उनकी फेसबुक आईडी पर आईआरएफसी की रिपोर्ट को लेकर एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही उनके व्हाट्सएप नंबर पर सिया वर्मा नाम की महिला का मैसेज आया, जिसने उन्हें मोतीलाल ओस्वाल स्टॉक ट्रेडिंग ग्रुप और प्रोफेसर रामदेव अग्रवाल की 'टिप्स' के बारे में बताते हुए एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। इस ग्रुप में शेयर टिप्स और मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट साझा कर विश्वास जीता गया। इसी दौरान काव्या मेहता नामक महिला ने भी व्यक्तिगत मैसेज कर प्रोफेसर और उनकी टीम की तारीफ कर नृपेन्द्र को भरोसे में लिया। जालसाजों के षड्यंत्र का अगला चरण 9 जनवरी 2026 को शुरू हुआ, जब सिया वर्मा ने मोतीलाल ओस्वाल फाइनेंशियल सर्विसेज के नाम पर एक फर्जी फॉर्म भरवाया और पीड़ित को व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर दिया। ग्रुप एडमिन ने उन्हें मोपिप नामक एक मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने को कहा। विश्वास में आकर नृपेन्द्र ने 21 जनवरी को ऐप डाउनलोड कर अपनी आईडी बनाई। इसके बाद निवेश के नाम पर उनसे पैसे मांगे गए। पीड़ित ने 22 जनवरी को अपने एक्सिस बैंक खाते से आरटीजीएस के जरिए कनिष्का ट्रेडर्स के खाते में 6.30 लाख रुपये भेजे। इसके बाद 2 फरवरी को इनफिनासोफ्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

# राहगीर से मारपीट कर नगदी और मोबाइल लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांधी पार्क के पास एक अज्ञात बदमाश ने राहगीर के साथ मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूट ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यक्षेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह, निवासी चुकटी देवरिया, थाना किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे गांधी पार्क के सामने मेन रोड पर हिना ट्रैवल्स से अपने एक परिचित राजेंद्र कुमार से मिलकर पैदल त्रिशूल चौक की ओर जा रहा था। पीड़ित के मुताबिक, जब वह त्रिशूल चौक से लगभग 100-150 मीटर पहले पहुंचा, तभी पीछे से तेजी से आए एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे दबोच लिया। बदमाश ने उसे सड़क के बाईं ओर नाली में फेंक दिया और उसके पास मौजूद मोटोरोला एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा 4,000 रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गया। लूटे गए मोबाइल फोन में जियो का सिम लगा हुआ था। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेहड़ और शुक्ला के बीच फिर छिड़ा सियासी संग्राम

# अपराधियों से यूपी पुलिस की पूछताछ के बाद किच्छा की राजनीति में आरोप प्रत्यारोपों का दौर तेज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई की राजनीति में माननीयों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। किच्छा के दरऊ गांव के ग्राम प्रधान पति और पूर्व भाजपा पदाधिकारी गफ्फार को लेकर विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला आमने-सामने आ गए हैं। बरेली पुलिस द्वारा असलहों के साथ पकड़े गए दो आरोपियों द्वारा गफ्फार को हथियार सप्लाई करने की बात कबूलने के बाद यह जुबानी जंग और तेज हो गई है। विधायक तिलकराज बेहड़ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बरेली पुलिस ने जिन दो युवकों को पकड़ा है, उन्होंने गफ्फार को असलहा सप्लाई करने की बात स्वीकारी है और पुलिस ने भी माना है कि गफ्फार का बरेली दंगों से कनेक्शन रहा है। बेहड़ ने सीधा आरोप लगाया कि गफ्फार पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का करीबी है और दोनों मिलकर असलहा मंगाकर किसी की हत्या करवाना चाहते थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि गफ्फार पंचायत चुनाव में अपनी कार में असलहा लेकर घूमता रहा है, जिसके प्रमाण उनके मोबाइल पर मौजूद हैं। बेहड़ ने शुक्ला को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे पाक-साफ हैं तो सार्वजनिक रूप से गफ्फार से अपना संबंध न होने की बात कहें। वहीं, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इन आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि तिलकराज बेहड़ मुद्दों की बात करने के बजाय केवल इल्जाम लगाने और गुंडों को संरक्षण देने का काम करते हैं। शुक्ला ने सवाल दागा कि जब गफ्फार बेहड़ के कार्यकाल में उनके बगल में बैठकर चुनाव लड़ा रहा था, तब वह अपराधी क्यों नहीं था। उन्होंने कहा कि बेहड़ को पीड़ा इस बात की है कि गफ्फार के माध्यम से सिरौलीकलां के कई लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। शुक्ला ने तंज कसते हुए कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं लेकिन वैचारिक साजिशें नहीं होनी चाहिए और भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने विधायक पर उपलब्धियां गिनाने में झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि बरेली केस में गफ्फार का नाम नहीं आता है तो बेहड़ क्या जवाब देंगे। फिलहाल इस मामले ने किच्छा की राजनीतिक फिजा में भारी गर्माहट पैदा कर दी है।

# 'अपने ही आवास' पर कार्रवाई को तैयार विधायक अरविंद पांडे

## पत्र लिखकर बोले पाण्डे -सरकारी जमीन हो तो कब्जा लो

गदरपुर। भाजपा विधायक अरविंद पांडेय एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार मामला बयानबाजी का नहीं, बल्कि कथित अतिक्रमण का है। क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, गुलरभोज स्थित उनके कैंप कार्यालय को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण का नोटिस थमा दिया था नोटिस संख्या 2654, दिनांक 19 जनवरी 2026 के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें प्रशासन ने 15 दिन का समय देते हुए खुद अतिक्रमण हटाने का नोटिस चश्पा किया था नोटिस चश्मा किया लगभग एक माह बीत गया।दिलचस्प बात यह है कि विधायक ने खुद शुक्रवार को प्रशासन को पत्र लिखकर स्पष्ट कहा है कि उनके कार्यालय और आवास का उनकी उपस्थिति में सीमांकन



कराया जाए और यदि सरकारी भूमि पाई जाए तो तत्काल कब्जे में ले लिया जाए। पत्र 19 फरवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें उन्होंने यह भी लिखा कि उन्हें और उनके वारिसों को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। मामला उधम सिंह नगर जिले से जुड़ा है, जहां प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच अक्सर जमीन संबंधी विवाद चर्चा में रहते हैं। ऐसे में यह कदम राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर रहा है। क्या यह पारदर्शिता का संदेश है या फिर सियासी दांव? चर्चाओं का बाजार गर्म है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि इस पहल से पांडेय ने विरोधियों को सीधा जवाब देने की कोशिश की है। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। क्या सीमांकन के बाद सच्चाई सामने आएगी या मामला ठंडे बस्ते में जाएगा? फिलहाल सोशल मीडिया पर विधायक पांडे का पत्र वायरल होते ही एक बार फिर गदरपुर की सियासत में जमीन का मुद्दा गर्म हो चुका है।

# सरेराह फायरिंग करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, असलहे बरामद

## पुरानी रंजिश में दिया था वारदात को अंजाम, एसएसपी ने पुलिस टीम को नकद इनाम से नवाजा

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के नेतृत्व में पुलिस ने गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए कालाढूंगी क्षेत्र में सरेराह मारपीट और फायरिंग करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो अवैध पिस्टल, एक तमंचा और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस साहसिक कार्यवाही पर एसएसपी ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 1,500 रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।घटनाक्रम के अनुसार, 14 फरवरी की रात्रि को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि हल्द्वानी रोड पर बैलपोखरा तिराहे के पास कुछ लोगों के बीच खूनी संघर्ष और फायरिंग हुई है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रामनगर, प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, हालांकि तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां से 11 खोखे 32 बोर और 02 खोखे .22 बोर के बरामद किए। मामले में 16 फरवरी को वादिनी बलजीत कौर निवासी ग्राम बच्चीनगर की तहरीर पर रंजीत सिंह, मनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह और एक अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।एसएसपी के सख्त निर्देश पर एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल एवं क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पाण्डे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी द्वारा टीम गठित कर दबिश दी गई। 20 फरवरी को पुलिस टीम ने सटीक सूचना पर गडप्पू बैरियर के पास घेराबंदी कर तीनों



नामजद अभियुक्तों गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी निवासी रामपुर उत्तर प्रदेश, रंजीत सिंह निवासी बैलपोखरा और मनदीप सिंह उर्फ मंगा निवासी बैलपड़ाव को दबोच लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वादिनी के पति लवप्रीत के मित्र हरभजन की रंजीत सिंह से पुरानी रंजिश चल रही थी। वारदात की रात हरभजन ने रंजीत को मौके पर बुलाया था, जहाँ रंजीत अपने साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर पहुँचा और गाली-गलौज व मारपीट करते हुए दहशत फैलाने के लिए अंधाधुंध फायरिंग कर दी।आरोपियों की तलाशी लेने पर गुरप्रीत सिंह से एक देशी पिस्टल व दो कारतूस, रंजीत सिंह से एक देशी पिस्टल व दो कारतूस और मनदीप सिंह से एक .22 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी अलग से मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त रंजीत सिंह का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज जोशी, दीपक बिष्ट, उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, एसओजी प्रभारी राजेश जोशी, देवेंद्र राणा, कांस्टेबल अखिलेश तिवारी, स्वरूप सिंह, उमेश राम, मिथुन कुमार, संजय दोसाद, प्रीतम सिंह और अमनदीप सिंह शामिल रहे।

# शाइनिंग एग्जिविशन में डीआरडीओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार

हल्द्वानी। तीन दिवसीय शाइनिंग उत्तराखंड एग्जिविशन का समापन दिवस उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा। अंतिम दिन विशेष रूप से किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों की बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिली। इस प्रदर्शनी में उत्कृष्ट माडल के लिए डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट



ऑर्गेनाइजेशन यानी डीआरडीओ को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आम्रपाली यूनिवर्सिटी में आयोजित इस एग्जिविशन में हल्द्वानी एवं आसपास के लगभग छह कालेजों और 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न वैज्ञानिक और तकनीकी प्रदर्शनों की जानकारी ली। द्वितीय पुरस्कार जीसी को और तृतीय पुरस्कार इसरो, चतुर्थ पुरस्कार आईसीएमआर को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नामामि गंगे प्रोग्राम की ओर से गंगा संरक्षण एवं शिक्षा पर विशेष जागरूक किया गया। बच्चों को गंगा को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाई और गंगा संरक्षण का संकल्प लिया। ट्राफी वितरण समारोह में आम्रपाली विश्वविद्यालय के बीसीपीआर- ओबीसी विभाग से प्रो-वीसी डा. शैलेंद्र सिंह तथा फाउंडेशन से अभिनव तिवारी ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं प्रीति सैनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विकासखंड हल्द्वानी की प्रीति सैनी आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। वैष्णवी आजीविका स्वयं सहायता समूह में सचिव के रूप में सक्रिय प्रीति ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने घर से ही हैंडीक्राफ्ट और मसाला निर्माण का सफल व्यवसाय स्थापित किया है। उनकी यह सफलता दर्शाती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही सरकारी मार्गदर्शन से एक सामान्य गृहिणी भी सफल उद्यमी बन सकती है।प्रीति सैनी को रीप / ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत 75 हजार रुपये की सब्सिडी के साथ कुल 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहायता से उन्होंने अपने घर पर ही मसाला पीसने वाली चक्की स्थापित की। उनके द्वारा तैयार शुद्ध और घरेलू मसालों की मांग स्थानीय बाजारों, मेलों और बैंकेट हॉलों में तेजी से बढ़ने लगी है। मसालों के अलावा



वे सीजनल मांग के अनुरूप भी उत्पाद तैयार करती हैं। होली के अवसर पर वे चिप्स, कचरी और हर्बल रंग बनाती हैं, जबकि दीपावली पर ऊन की फूल मालाएं, तोरण और अन्य हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का निर्माण करती हैं।ऋण की शेष धनराशि का सदुपयोग करते हुए प्रीति ने एक छोटी दुकान भी शुरू की है, जहां वे कॉस्मेटिक्स और दैनिक उपयोग का सामान बेचती हैं। इन विविध कार्यों से वे अपने परिवार का बेहतर भरण-पोषण कर रही हैं और प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार से एक लाख रुपये तक की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और रीप परियोजना को देते हुए प्रीति कहती हैं कि सरकार की इन योजनाओं ने महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं, जिससे वे समाज में सम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी पा रही हैं।

# मां वैष्णो दरबार यात्रा 11 मार्च से श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध

रुद्रपुर। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित 53वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा इस वर्ष 11 मार्च से 18 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा रुद्रपुर से प्रारंभ होकर श्रद्धालुओं को विभिन्न पवित्र शक्तिपीठों के दर्शन कराएगी।उन्होंने जानकारी दी कि यात्रा रुद्रपुर से चलकर चंडीगढ़, पंचकुला, नैना देवी, पठानकोट होते हुए मां वैष्णो दरबार पहुंचेगी। इसके बाद श्रद्धालु चामुंडा देवी, कांगड़ा देवी, बगलामुखी, चिंतपूर्णी एवं ज्वाला जी के दर्शन करेंगे तथा हरिद्वार होते हुए रुद्रपुर वापसी होगी।यात्रा का आने-जाने का किराया 6000 रुपये प्रति सीट निर्धारित किया गया है, जबकि श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था सभा द्वारा की जाएगी। यात्रा में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालु शीघ्र पंजीकरण कराकर अपनी सीट सुरक्षित करा सकते हैं।अधिक जानकारी एवं सीट बुकिंग के लिए श्री सनातन धर्म लक्ष्मी नारायण मंदिर, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) में संपर्क किया जा सकता है।

# 'मेरी योजना' पुस्तिका की सभी योजनाएं हुईं ऑनलाइन

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को आमजन तक सरल, सुलभ और त्वरित रूप में पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री द्वारा माई स्कीम पोर्टल का अनावरण किया गया है। माई स्कीम पोर्टल पर कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा तैयार की गई मेरी योजना पुस्तकों में प्रकाशित समस्त योजनाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है, जिससे पात्र लाभार्थी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।यह पोर्टल पारदर्शिता, सुशासन एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया तथा संबंधित विभागीय जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगी। संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने स्तर पर माई स्कीम पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इससे जोड़ने का प्रयास करें।


## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय में योजित एस एल पी संख्या 31060-31061 / 2025 दिनांक 27.01.2026 को पारित निर्देश के अनुपालन में याचिकाकर्त्ताओं द्वारा खरीफ सीजन की कटी हुई धान की फसल जो कि प्राग फार्म के खलिहान में सुरक्षित रखी हुई है कि खुली नीलामी दिनांक 27.02.2026 समय प्रातः 11.30 स्थान प्राग फार्म गोकुल नगर तुर्कागौरी तहसील किच्छा में आयोजित की जानी है जिसमें इच्छुक बोली दाता नियत तिथि व समय पर प्राग फार्म गोकुल नगर तुर्कागौरी तहसील किच्छा उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

बोली की शुरूआत भारत सरकार के पत्र संख्या 6-1/2025 - MSP-ES दिनांक 02.06.2025 में उल्लेखित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रू0 प्रति क्विंटल से की जाएेगी।

**प्रबंधक-योगेश कुमार**
(पॉवर ऑफ अटोरनी होल्डर)
(श्रीमती शशी अग्रवाल, माधवी अग्रवाल व मनीषा अग्रवाल)
प्राग एग्रीकल्चरल फार्म मो० : 9756602313

# सरस मेले में स्कूली बच्चों की डांस प्रतियोगिता ने मन मोहा

## समूह नृत्य प्रतियोगिता में नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क के प्रांगण में संचालित हो रहे भव्य सरस आजीविका मेले के सातवें दिन शुक्रवार को विद्यालयी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों और निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में विकासखण्ड रूद्रपुर, गदरपुर और सितारगंज के विभिन्न विद्यालयों से कुल 15 टीमों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, प्रेरणा गीतों और उत्तराखंड के पारंपरिक लोक गीतों पर उत्कृष्ट सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे नन्हे कलाकारों ने अपनी नृत्य मुद्राओं के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय भावना का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शन की बारीकियों और अंकों के आधार पर परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें नेशनल पब्लिक स्कूल रूद्रपुर की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज रूद्रपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि इएलपीएस रूद्रपुर और पुलिस मॉर्डन स्कूल की टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल की सदस्य सुमन ब्यास ने विजेता और प्रतिभागी टीमों के कौशल की सराहना करते हुए सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, मेले के मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस सांस्कृतिक अवसर पर पीडी हिमांशु जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिमवाल, खण्ड विकास अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी, और प्रतियोगिता के कार्यक्रम समन्वयक मोहन उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल और प्रवाहपूर्ण संचालन संयुक्त रूप से विभु कृष्णा, हरीश दनाई एवं संजीव बुधौरी द्वारा किया गया। मेले में आए दर्शकों ने भी स्कूली बच्चों के इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया।






# सीएम से की दिव्यांगों के बिल माफी और नजूल भूमि पर पट्टों की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता दलीप सिंह मक्कड़ ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र देकर जनहित के विभिन्न मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांगों, गरीब किसानों, विधवाओं और नारी शक्ति के सम्मान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगे मुख्यमंत्री के समक्ष रखी हैं। मक्कड़ ने अपने पत्र में दिव्यांगों की शारीरिक अक्षमता का हवाला देते हुए उनके बकाया बिजली बिल माफ करने और उनके लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। साथ ही, उन्होंने विधवा एवं वृद्धजनों के बिजली बिलों में भी राहत देने की अपील की। भूमि के मुद्दे पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिन गरीब किसानों के पास बहुत कम जमीन है, उन्हें बेदखल न किया जाए और जिन जमीनों का नजराना पहले ही जमा हो चुका है, उन्हें नियमित कर पट्टे आवंटित किए जाएं। उन्होंने रुद्रपुर में नजूल भूमि पर दशकों से रह रहे लोगों को तुरंत नि:शुल्क आवासीय पट्टे देने की भी पुरजोर मांग की। बढ़ती महंगाई को देखते हुए उन्होंने पेंशन राशि में वृद्धि का सुझाव दिया है। उन्होंने मांग की है कि दिव्यांगों की पेंशन 5000 तथा विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 4000 की जाए। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड राज्य निर्माण में महिलाओं के योगदान को देखते हुए उन्होंने महिला सम्मान निधि के तहत 3000 प्रति माह देने की योजना जल्द लागू करने की अपील की। शिक्षा और किसानों के मुद्दे पर उन्होंने रुद्रपुर में अल्पसंख्यक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना और छोटे किसानों के सहकारी समितियों के पुराने कर्ज माफ करने का भी अनुरोध किया। दलीप सिंह मक्कड़ ने आशा व्यक्त की कि सरकार इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर प्रदेश के गरीब और वंचित वर्गों को बड़ी राहत प्रदान करेगी। ज्ञापन देने वालों में पवन कुमार, संजीव मेहरा, रविन्द्र सिंह, तरूण आदि भी शामिल थे।



# स्थायी लोक अदालत ने बीमा कंपनी को दिया पांच लाख की क्षतिपूर्ति का आदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी दर्शन सिंह, निवासी रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर द्वारा स्थायी लोक अदालत में आईसीआईसीआई लोमबार्ड के विरुद्ध मामले के निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। वादी द्वारा अदालत को अवगत कराया गया कि 20 दिसम्बर, 2023 को वादी का भतीजा विरेन्द्र अजीत एवं रविन्द्र के साथ कार से रूद्रपुर से किच्छा बाजार जा रहे थे। दोपहर करीब 01 से 01.30 बजे के मध्य जब वे मुमताज गेट, शिमला पिस्तौर के पास पहुंचे तो उनकी कार का बायां टायर अचानक फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर के दूसरी तरफ चली गयी और सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। यह एक आकस्मिक घटना थी, जिसकी सूचना वादी द्वारा तत्काल बीमा कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर दे दी गयी थी।बीमा कंपनी के निर्देशानुसार प्रार्थी द्वारा क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से संबंधित प्रतिष्ठान में ले जाया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने कार को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त बताया। हालांकि, बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोमबार्ड द्वारा ड्राइवर के पास वैध लाइसेंस न होने और ड्राइवर प्रतिस्थापित करने का तर्क देते हुए क्लेम देने से साफ मना कर दिया गया। मामले की गहन सुनवाई के उपरांत स्थायी लोक अदालत ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, सदस्य अब्दुल नसीम एवं सदस्या अर्चना पीयूष पंत की पीठ ने बीमा कंपनी के तर्कों को खारिज करते हुए आईसीआईसीआई लोमबार्ड को कार की क्षतिपूर्ति के रूप में 05 लाख रुपये देने का आदेश सुनाया है।

# मनोज सरकार सड़क हादसे में घायल हुए

## लखनऊ जाते समय नील गाय से टकराई कार

दिनेशपुर (संवाददाता)। अर्जुन अवार्डी एवं अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन स्टार मनोज सरकार उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में घायल मनोज सरकार का वर्तमान में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस खबर के बाद खेल जगत और उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है, वहीं साथी खिलाड़ियों ने उनके जल्द स्वस्थ होकर कोर्ट पर लौटने की कामना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज सरकार गुरुवार शाम रुद्रपुर से टैक्सी के माध्यम से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ बाजपुर निवासी महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर भी मौजूद थीं। उनके भाई मनमोहन सरकार ने बताया कि मनोज को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के प्रशिक्षण हेतु लखनऊ स्थित गौरव खुराना स्पोर्ट्स एकेडमी पहुंचना था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे हरदोई जिले के संडीला कोतवाली क्षेत्र में अचानक कार के सामने नील गाय आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मनोज सरकार के घायल होने की सूचना मिलते ही दिनेशपुर कलीनगर निवासी पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीलिमा राय ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष पूजा-अर्चना की। नीलिमा राय ने कहा कि मनोज सरकार देश का गौरव हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पटल पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। वह न केवल एक शानदार खिलाड़ी हैं, बल्कि हम जैसे कई युवा पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत भी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अपनी जुझारू भावना के बल पर मनोज जल्द ही स्वस्थ होकर दोबारा मैदान में वापसी करेंगे। सोशल मीडिया पर भी खेल प्रेमियों और विभिन्न संगठनों द्वारा उनके स्वास्थ्य के लिए दुआओं का दौर जारी है।

# वेटरन्स फुटबॉल क्लब के गोपाल सिंह बिष्ट अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रतिष्ठित संगठन 'वेटरन्स फुटबॉल क्लब' की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को हल्द्वानी स्थित मिनी स्टेडियम में संपन्न हुई। बैठक के दौरान क्लब की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के निवर्तमान पदाधिकारियों द्वारा वर्ष भर के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।बैठक के दूसरे चरण में नई टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें खेल भावना और क्लब के विकास को प्राथमिकता देते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी गई। क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने गोपाल सिंह बिष्ट को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी, जबकि अजय कृष्ण गोयल को महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही कृष्ण कुमार परगाई को कोषाध्यक्ष, पवन गुप्ता



शडब्बूश को मीडिया प्रभारी और राजेंद्र सिंह मेहरा को सह-सचिव नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में कई अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी विभिन्न पदों पर मनोनीत कर क्लब के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का दायित्व सौंपा गया। मनोनयन के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संरक्षक मंडल और आम सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे क्लब की खेल परंपराओं को आगे बढ़ाएंगे और वरिष्ठ खिलाड़ियों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान वेटरन्स फुटबॉल क्लब के तमाम सदस्य और क्षेत्र के खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भानु प्रताप स्कूल के शिक्षकों ने हासिल किया यूनेस्को और यूनिसेफ से अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिक्षा के बदलते स्वरूप और डिजिटल युग की चुनौतियों को देखते हुए भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने एक दूरदर्शी पहल की है। विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्रा के नेतृत्व में शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक प्रशिक्षण से जोड़ते हुए संस्थान ने नया इतिहास रचा है। इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अक्षय शर्मा ने विश्व की दो प्रतिष्ठित



संस्थाओं-यूनेस्को तथा यूनिसेफ से सफलतापूर्वक ऑनलाइन प्रमाणन प्राप्त किया है। अक्षय शर्मा ने यूनेस्को से डिजिटल टीचर सर्टिफिकेट तथा यूनिसेफ से मेंटल हेल्थ एंड साइकोसोशल सपोर्ट (एमएचपीएसएस) में विशेषज्ञता हासिल की है।इस उपलब्धि के साथ भानु प्रताप पब्लिक स्कूल उन चुनिंदा शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है जो पाठ्य ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और तकनीकी रूप से समृद्ध शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करेगा। प्राचार्य महेश चंद्रा ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं प्रदान करना रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षय शर्मा द्वारा प्राप्त ये प्रमाणन विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे और अब परिसर में सर्टिफाइड डिजिटल टीचर और श्मेंटल हेल्थ सपोर्ट एक्सपर्टश की सुविधा उपलब्ध है।शिक्षक अक्षय शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यूनेस्को और यूनिसेफ के मॉड्यूल डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग तथा वर्तमान समय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को समझने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने इस ज्ञान को विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण है जो यह दर्शाती है कि स्थानीय शिक्षण संस्थान भी अब वैश्विक मानकों की ओर सशक्त कदम बढ़ा रहे हैं।

# गदरपुर में माह-ए-रमजान का पहला जुमा अकीदत व एहतराम के साथ अदा

## मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, मांगी दुआएं

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में माह-ए-रमजान के पहले जुमे की नमाज बड़े ही खुशूअ व खुजूअ और धार्मिक जज्बे के साथ अदा की गई। रमजान का पवित्र महीना शुरू होने के बाद पहले जुमे को लेकर रोजेदारों में सुबह से ही खास उत्साह देखा गया। मस्जिदों में अजान होते ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते मस्जिदों के भीतर और सहन पूरी तरह भर गए। ग्राम मजरा शीला, झगड़पुरी, पत्थर कुई, डोंगपुरी, मसीत सरोवर नगर, महतोष वही नगर स्थित तकिए वाली मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद, कब्रिस्तान के पास वाली मस्जिद, करतारपुर कॉलोनी और बसअड्डा कॉलोनी की मस्जिदों में नमाजियों ने सफ-ब-सफ खड़े होकर खुदा की इबादत की।नमाज से पूर्व खुत्बे में उलेमा-ए-किराम ने रमजान की फजीलत और रोजे की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि यह मुकद्दस महीना रहमत, मगफिरत और जहन्नुम से निजात का जरिया है। उलेमाओं ने अकीदतमंदों से अपील की कि वे इस महीने में अधिक से अधिक तिलावत-ए-कुरआन, ज़िक्र-ओ- अजकार और गरीबों की मदद (सदका-ओ-खैरात) करें। नमाज के बाद इमामों ने बारगाहे इलाही में हाथ फैलाकर मुल्क की खुशहाली, आपसी भाईचारे, तरक्की और अमन-ओ-अमान के लिए विशेष दुआएं मांगी।मस्जिदों के बाहर व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंतजामिया कमेटियां पूरी तरह मुस्तैद रहीं। वजू, सफाई और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि इबादत के लिए आने वाले लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। रमजान के इस पहले जुमे पर गदरपुर की फिजा पूरी तरह रूहानियत और अल्लाह की बंदगी के रंग में सराबोर नजर आई।





**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

# पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता

**Theme:** Floral Healing: Nature's Path to Well-being

सोशल मीडिया पर जुड़ें #FlowerShowUK2026 #ColoursOfSpring2026 #वसंतोत्सव2026

दर्शकों के लिए समय: 27 फरवरी, 2026 को अपराह्न 01:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
28 फरवरी एवं 01 मार्च, 2026 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक (प्रवेश निःशुल्क)

**मुख्य आकर्षण : ट्यूलिप | कट फ्लावर्स | जैविक शहद | भोजपत्र पर डाक कवर | सांस्कृतिक कार्यक्रम | विभिन्न प्रतियोगिताएं | पर्वतीय उत्पाद**

माननीय राज्यपाल महोदय की प्रेरणा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वसंतोत्सव का आयोजन लोक भवन, देहरादून के प्रांगण में दिनांक 27-28 फरवरी एवं 01 मार्च, 2026 को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पुष्प प्रदर्शनी के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

| Name of Categories | Name of Sub Categories |
|---|---|
| A. Cut Flower competition (including commercial/hobbyist) (72 Prizes) | |

| | |
|---|---|
| 2. Non Traditional Areas (24 Prizes) **(09 Hill Districts)** | Carnation, Rose, Gladiolus, Gerbera, Marigold, Orchid, Lilium, and Any other. (10-20 sticks of each variety will be treated as one entry except Rose, Orchid & Lilium where 03-05 sticks per variety will be treated as one entry) |
| 3.Cut Flowers Competition for Specially abled persons (Any Cut Flower) (03 Prize) | Any Cut Flower (10-20 sticks of each variety will be treated as one entry except Rose, Orchid & Lilium where 03-05 sticks per variety will be treated as one entry) |
| 4.Cut Flowers Competition for Women Flower Growers (Any cut Flower) (03 Prize) | Any Cut Flower (10-20 sticks of each variety will be treated as one entry except Rose, Orchid & Lilium where 03-05 sticks per variety will be treated as one entry) |
| **B. Potted Plant arrangement (12 Prizes)** | |
| (i) Private Nurseries | |
| a) Small upto 0.50 acre | Combination of all varieties (Minimum 15 potted plants in each will be considered as one entry) |
| b) Large above 0.50 acre | Combination of all varieties (Minimum 25 potted plants in each will be considered as one entry) |
| (ii) Hobbyists | Combination of all varieties (Minimum 10 potted plants in each will be considered as one entry) |
| (iii) Central & State Govt./Private Institution | Combination of all varieties (Minimum 25 potted plants in each will be considered as one entry) |
| **C. Loose Flower arrangement (12 Prizes) (Enthusiasts/Hobbyists including Gardeners/ Individual/Group)** | (i) Fresh Flowers (ii) Dry Flowers (iii) Bouquets (iv) Garlands. |
| **D. Potted Plants other than flowers (06 Prizes)** | 1- Potted Plants (Fruits) 2- Potted Plants (Foliage) (Group of 3 pots of each variety as one entry) |
| **E. Vegetables (09 Prizes)** | 1- Vegetables (Any Commonly Grown Vegetables) 2- Leafy vegetables (Spinach, Rai, Bathua, Methi, Swiss Chard etc.) 3- Exotic vegetables (Celery, Parsley, Red Cabbage, Zucchini, Brussel's Sprout etc.) (Group of 3 pots of each variety as one entry) |
| **F. Cacti & Succulents, (03 Prizes)** | 1- Cacti and succulents (Group of 3 pots will be considered as one entry) |
| **G. Bonsai (06 Prizes)** | (i) Commercial Fruit Trees, (ii) Forest Trees (Group of 3 tree pots will be considered as one entry) |
| **H. Terrarium (03 Prizes)** | (i) Terrarium (One Terrarium as one Entry) |
| **I. Hanging pots (03 Prizes)** | (i) Hanging Pots (Arrangements of three pots as single entry) |
| **J. Soil-less/Hydroponic Cultivation Technology Demonstration (03 Prizes)** | (I) Soil-less/Hydroponic Cultivation Technology Demonstration |
| **K. Pots for Gardening (03 Prizes)** | Pots of any size. (03 pots of any size will be considered as one entry) |
| **L. Honey (09 Prizes)** | (i) Apis Cerana Himalayan Honey. (ii) Wild Forest Honey. (iii) Monofloral Honey (500 gm bottle/Jar as one entry) |
| **M. On the spot photography (03 Prizes)** | Any **two** best pictures (size- 6" x 8") of Plants/Plant parts/Flowers/Bunches etc. clicked on 27th February, 2026 at Lok Bhawan and displayed upto 11:00 am on 28th February, 2026. |
| **N. Fresh Petal Rangoli (03 Prizes)** | The participants for individuals above 12 years of age will bring fresh flower petals. The competition will be held on 27th February, 2026 from 09:00 am to 2:00 pm. Each participant will be given two hours to complete rangoli on 1 X 1 mtr Ply Board. |
| **O. Painting competition for School children, specially abled children and street children/rag pickers (18 Prizes)** | (i) Children of age between 5 to 12 years. (ii) Children of age between 12 to 18 years. (iii) Specially abled- Visually challenged (iv) Specially abled- Mentally challenged. (v) Specially abled- Hearing and speech impaired. (vi) Street children / rag pickers. (The participants will bring their own colors, sheets will be provided by the Department. Competition will held on 27th February, 2026 from 09:00 am to 02:00 pm.) |
| **Postal Stamp competition organized by Postal Department, Dehradun.** | |

* वसंतोत्सव-2026 में स्टॉल के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने हेतु इच्छुक निजी फर्मों/कम्पनियों को शुल्क के रूप में ₹ 11000/- व एन०जी०ओ० से ₹ 6000/- एवं एस०एच०जी० से ₹ 3000/- की धनराशि देय होगी। स्टॉल के माध्यम से पुष्प एवं औद्यानिकी से संबंधित गतिविधियां संचालित करने वाली फर्मों/ कम्पनियों/एन०जी०ओ०/एस०एच०जी०/स्टार्ट अप्स (Startups) व महिला समूहों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

- वसंतोत्सव-2026 में प्रादेशिक विभागों/केन्द्रीय विभागों/संस्थानों/कृषि विश्वविद्यालयों आदि द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों/तकनीकी का प्रदर्शन अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से किया जाएगा।
- वसंतोत्सव-2026 में विभिन्न संस्थाओं/फर्मों, एन०जी०ओ० तथा महिला स्वयं सहायता समूहों आदि द्वारा भी अपने उत्पादों के प्रदर्शन/बिक्री हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे।
- प्रतियोगी अपने प्रदर्शों तथा संबंधित विभाग अपने स्टॉल को दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:00 बजे तक निर्धारित स्थान पर तैयार कर लें, इसके बाद अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। इसके पश्चात आम जनता के लिए प्रदर्शनी अपराह्नः 01:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक तथा दिनांक 28 फरवरी एवं 01 मार्च, 2026 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक खुली रहेगी।
- प्रदर्शनी में आगन्तुक पुष्प प्रेमी/फोटोग्राफर द्वारा स्वयं लिए गए पुष्पों के फोटोग्राफ पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, आर्ट गैलरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आम जनता हेतु आयोजन स्थल के नजदीक फूडकोर्ट की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगे।

**अतः प्रदेश के समस्त सम्मानित नागरिकों एवं पुष्प प्रेमियों से अनुरोध है कि दिनांक 27-28 फरवरी व 01 मार्च, 2026 को उपरोक्तानुसार निर्धारित समय के अनुसार लोक भवन, देहरादून में अधिकाधिक संख्या में पधारकर पुष्प प्रदर्शनी का लाभ उठाएं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 20 फरवरी, 2026 से आवेदन पत्र (Entry Form) निम्न पते पर निःशुल्क प्राप्त कर उसी पते पर जमा कर सकते हैं। पंजीकरण दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 10:00 बजे तक ही किए जाएंगे तथा मात्र "ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी" कैटेगरी हेतु पंजीकरण दिनांक 27.02.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक किया जाएगा।**

**Entry Form प्राप्त एवं जमा करने का पता:-**

1. कार्यालय-मुख्य उद्यान अधिकारी, विकास भवन, सर्वे चौक, देहरादून मो०- 9412027820 / 8279494638
2. कार्यालय-निदेशक, उद्यान/अपर निदेशक, उद्यान, राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस, देहरादून दूरभाष: 0135-2757814

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एआई की भूमिका

यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दुनिया आज तकनीकी विकास के अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका एक सबसे अहम औजार बनने जा रही है। दिल्ली में आयोजित 'इंडिया-एआइ इम्पैक्ट समिट, 2026' में इस संदर्भ में जितने आयाम सामने आए, वे बताते हैं कि दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ केंद्रित बदलाव अब विकास की नई परिभाषा गढ़ने जा रहा है। इसमें भारत की एक अहम भूमिका होगी और खासतौर पर वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों में इसे नेतृत्वकारी भूमिका में देखा जा रहा है।गौरतलब है कि एआइ का इस्तेमाल अब केवल सुरक्षा के मुद्दे तक केंद्रित नहीं है और आज विकास के क्षेत्र में समावेशी, पारदर्शी तथा जिम्मेदार सुशासन के तौर पर इसकी भूमिका का विस्तार हो रहा है। जहां तक दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन का सवाल है, इसमें स्वास्थ्य, कृषि, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास के मामले में खड़ी होने वाली बाधाओं का हल निकालने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को आगे बढ़ाने की जमीन तैयार करने की कोशिश की गई। यानी सम्मेलन में एआइ के जरिए समग्र विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की नई राह तलाशने की भूमिका बनी।पिछले कुछ वर्षों के दौरान तकनीक, चिकित्सा और अन्य उत्पादों के निर्माण तथा उपयोग में एआइ का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। विकास के लगभग सभी क्षेत्र में इसकी अहमियत जिस रूप में बनती देखी जा रही है, उसके मद्देनजर भारत ने भी अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं, लेकिन यह भी सच है कि फिलहाल इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की कंपनियों का वर्चस्व है। निश्चित तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने यह एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी समस्या से पार तभी पाया जा सकता है, जब उसकी जटिलता को स्वीकार कर उसका सामना करने का विकल्प चुन लिया जाए। इस लिहाज से देखा जाए, तो भारत का यह रुख तकनीकी प्रतिस्पर्धा के मैदान में चुनौतियों का सामना करने की जमीन तैयार करता है कि देश एआइ से डरता नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक भलाई के लिए समृद्धि और भविष्य की संभावनाएं देखता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआइ अब भविष्य की दुनिया का एक यथार्थ है और विकास की पटकथा तैयार करने में इसकी अहम भूमिका होने जा रही है। मगर इसके समांतर यह देखने की जरूरत होगी कि नए बनने वाले ढांचे में समाज के सभी वर्गों के हित को सुनिश्चित करने का उद्देश्य किस हद तक पूरा हो पाता है। इस संदर्भ में एआइ की बढ़ती भूमिका के दौर में बड़े पैमाने पर नौकरियों का दायरा सिकुड़ने और अवसर कम होने की जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उसका हल निकालना एक बड़ी चुनौती होगी।

# जनसहभागिता से तैयार होगा प्रदेश का जनोन्मुखी बजट: सीएम

## पौड़ी के रांसी में बजट पूर्व संवाद में हितधारकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

पौड़ी (उद संवाददाता)। जनपद पौड़ी के रांसी स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जनप्रतिनिधियों, कृषकों, उद्यमियों, व्यापारियों, महिला समूहों, पर्यटन व्यवसायियों, मत्स्य पालकों, कृषि वैज्ञानिकों और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसा जनहितकारी बजट तैयार करना है जो प्रदेश की जमीनी आवश्यकताओं, क्षेत्रीय विशेषताओं और जनअपेक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित उत्तराखंड के निर्माण का रोडमैप है जिसमें प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संवाद के दौरान प्राप्त व्यावहारिक और दूरदर्शी सुझावों के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट निर्माण की प्रक्रिया को पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए सीमांत क्षेत्रों तक जनता से संवाद किया जा रहा है ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2047 तक उत्तराखंड को आत्मनिर्भर एवं अग्रणी राज्य बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि बजट पूर्व संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों का गंभीरता से परीक्षण कर उन्हें आगामी बजट और नीतिगत निर्णयों में शामिल किया जाएगा। संवाद के दौरान ग्रामीण विकास के लिए अनुदान में वृद्धि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवर लाइन निर्माण, पंचायतों को सशक्त बनाने और सौर ऊर्जा संयंत्रों के संचालन जैसे सुझाव प्राप्त हुए। कृषि क्षेत्र में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा, कोल्ड स्टोरेज और क्लस्टर आधारित खेती पर जोर दिया गया। उद्योग क्षेत्र में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए पूंजीगत सब्सिडी और स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने की मांग रखी गई। पर्यटन क्षेत्र में होमस्टे के लिए रियायती ऋण, हेली सेवा विस्तार और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटक ग्राम के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई गई। महिला सशक्तिकरण के तहत प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षण केंद्र और ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि जनसहभागिता आधारित बजट ही समग्र विकास की नींव बनेगा। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य आगामी बजट को जनभावनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप दिशा देना है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मनमोहन मैनाली द्वारा किया गया जिसमें 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, मेयर नगर निगम श्रीनगर आरती भंडारी, ऋषिकेश शंभू पासवान, कोटद्वार शैलेंद्र रावत, रुड़की अनीता देवी अग्रवाल, नगर पालिकाध्यक्ष पौड़ी हिमानी नेगी, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे, पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप, संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, आयुक्त ग्राम विकास अनुराधा पाल, अपर सचिव डॉ. आनंद श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ गहरवार, अभिषेक रोहिला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल किशोर रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और हितधारक उपस्थित रहे।






# पत्रकार रणजीत सिंह के भाई का निधन

किच्छा। नगर निवासी मीडिया कर्मी रणजीत सिंह मानकिया के बड़े भाई एवं वरिष्ठ किसान साधू सिंह का आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के बाईपास स्थित सत्यपथ धाम पर सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। नगर के वरिष्ठ पत्रकार रणजीत सिंह के बड़े भाई किच्छा के आवास विकास निवासी 69 वर्षीय साधू सिंह के निधन की सूचना पर तमाम लोगों का जमावड़ा उनके निवास पर लग गया। परिजनों के अनुसार वरिष्ठ किसान साधू सिंह का लंबे समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा था और विगत दिवस उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। साधू सिंह की पत्नी का पूर्व में निधन हो चुका है तथा तीन पुत्र एवं एक पुत्री के परिवार में एक पुत्र का विवाह हो गया है। उनके आकस्मिक निधन से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के बाईपास स्थित सत्यपथ धाम पर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। साधू सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, जगरूप सिंह गोल्डी, संजीव कुमार सिंह, किशन गोयल, सुनीता कश्यप, दानिश मलिक, ओम प्रकाश दुआ, राजेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, डिंपल सिंह सहित तमाम गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। इधर नगर के पत्रकारों ने भी शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए साधू सिंह के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



# पूर्व विधायक ठुकराल का जन्मदिन धूमधाम से मना

रूद्रपुर । पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का जन्म दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। रम्पुरा से लेकर ट्रांजिट कैंप तक उनके समर्थकों और स्थानीय निवासियों ने केक काटकर और मिष्ठान वितरित कर अपने चहेते नेता की लंबी उम्र की कामना की। जन्मदिन का मुख्य आकर्षण रम्पुरा में देखने को मिला, जहाँ कोली समाज द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने ठुकराल को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और विशाल फूलों की मालाओं से लादकर उनका जोरदार नागरिक अभिनंदन किया। वहीं, ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर रहा, जहाँ पूर्व विधायक को लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शहर के दर्जनों अन्य स्थानों पर भी समर्थकों ने केक काटकर खुशियाँ मनाईं। पूरे दिन ठुकराल को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अभूतपूर्व स्नेह और सम्मान से अभिभूत पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सभी शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा जनता का यह निस्वार्थ प्रेम और अटूट विश्वास ही मेरी असली पूँजी है। मैंने सदैव राजनीति को सेवा का माध्यम माना है और आज अपने जन्मदिन के अवसर पर मैं पुनः यह संकल्प लेता हूँ कि रूद्रपुर की जनता के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूँगा। आप लोगों का यह आशीर्वाद मुझे जनसेवा की राह पर और अधिक ऊर्जा के साथ चलने की प्रेरणा देता है। ठुकराल का जन्मदिन मनाने वालों में प्रमुख रूप से हिम्मत राम कोली के साथ ही कमला, ममता, श्यामा, शीला, भगवादेई, प्रेमा, शारदा, गमता, रामबेटी, मायादेवी, नन्नी, सोमवती, सरखतीदेवी, मोहन देई, गंगादेई, शकुन्तला, लीलावती, ओसूवती, रामकली, सरोज, सुनीता, धर्मवती, विमला, जमना देवी और कृष्णा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# एआरटीओ की सख्ती से वाहन चालकों के सूखे हलक

## 10 माह में वसूल किया साढ़े 4 करोड़ का जुर्माना, फरवरी में 45 लाख जनवरी से अब तक 1600 वाहनों के चालान, 145 गाड़ियां हुई सीज

काशीपुर। असिस्टेंट रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफीसर (एआरटीओ) संदीप वर्मा की सख्ती के कारण वाहन चालकों में हड़कंप है। हाल ही में कई स्थानों पर एआरटीओ ने सघन अभियान चलाकर अनियमितताओं के आरोप में दर्जनों वाहनों के चालान किए। साथ ही कई वाहनों को सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के अप्रैल माह से अब तक यानी 10 माह के भीतर साढे चार करोड़ का जुर्माना वसूल किया गया। एआरटीओ ने बताया कि बीते 1 जनवरी से अब तक 1600 वाहनों के चालान किए गए जबकि विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में 145 गाड़ियां सीज की गई हैं। उन्होंने बताया कि अकेले फरवरी माह में 45 लाख का जुर्माना वसूल किया गया है। एआरटीओ ने वाहन चालकों को तल्ख लहजे में चेतावनी दी है कि वाहन नियम विपरीत तरीके से सड़कों पर दौड़ते पाये गये तो विभागीय कार्यवाही तय है। इसी के बाद से संगठनात्मक जनपद काशीपुर में वाहन चालकों में हड़कंप देखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि मौजूदा एआरटीओ संदीप वर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से काशीपुर की परिवहन व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन देखा जा रहा है। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट गलत दिशा में वाहन चलाना, डिवाइडर की अनदेखी, बगैर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के अलावा भारी वाहनों में ओवरलोडिंग, ओवर हाइट आदि अनियमितताओं को लेकर एआरटीओ सजग देखे जा है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद से अब तक उन्होंने ऐसे सैकड़ों वाहनों के चालान/सीज किए जो इसकी जद में आते थे। एआरटीओ ने साफ कहा कि सरकार के राजस्व से छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि शासनादेश की अनदेखी करने वालों के खिलाफ एक सूत्रीय अभियान लगातार जारी है। एआरटीओ संदीप वर्मा की सख्ती के कारण कई सड़कें सुनी हो गई है। नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी है।

### कृषि के निमित्त वाहनों का कमर्शियल में उपयोग गलत-संदीप वर्मा

एआरटीओ संदीप वर्मा से जब प्रतिनिधि ने मोबाइल फोन पर इस बारे में बातचीत की तो उन्होंने सपाट लहजे में कहा कि कानून सबके लिए समान है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के निमित्त वाहन यदि कमर्शियल में पाए गए तो कार्यवाही निश्चित है। उन्होंने अनुबंध वाहनों के अलावा अन्य छोटे-बड़े वाहन चालकों को भी साफ तौर पर कहा है कि यदि रोड टैक्स बकाया है तो उसे समय के भीतर जमा कर दिया जाए।

# गदरपुर में 'हिंदू सम्मेलन' को लेकर किया मंथन

गदरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले "हिंदू सम्मेलन" की तैयारियों को लेकर गदरपुर भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने का यह ऐतिहासिक अवसर समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश देने का है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को जोड़कर राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, जनसंपर्क अभियान तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।आयोजकों ने जानकारी दी कि "हिंदू सम्मेलन" का आयोजन 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे डॉ. हेडगेवार पार्क, आवास विकास, गदरपुर में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे सनातन धर्म मंदिर, गदरपुर में भी कार्यक्रम आयोजित होगा।बैठक के अंत में समस्त नगरवासियों से इन आयोजनों में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि गदरपुर की जनता उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इस आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करेगी।






# नाम काटने पर मतदाताओं को अपना पक्ष रखने हेतु पर्याप्त समय और अवसर प्रदान किया जाए : मस्तू दास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जिला सभागार में सहायक मुख्य निर्वाचन अधि कारी उत्तराखण्ड मस्तू दास की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित रहे। श्री दास ने पुनरीक्षण कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील बताते हुए निर्देशित किया कि इससे संबंधित सभी अभिलेख, प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेज सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रखे जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की जांच या आपत्ति की स्थिति में तत्काल सुस्पष्ट उत्तर दिया जा सके। उन्होंने निर्वाचन संबंधी प्रत्येक कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विधि सम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत संपादित करने के निर्देश दिए।मतदाता सूची में नाम काटने की कार्यवाही के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित मतदाताओं को अपना पक्ष रखने हेतु पर्याप्त समय और अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन न हो, यह सुनिश्चित करना बीएलओ की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में मैपिंग कार्य की प्रगति की



समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित मैपिंग वाले बीएलओ से कारणों की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम दो अलग-अलग स्थानों पर दर्ज है, तो नियमानुसार एक स्थान से नाम विधिवत हटाया जाए ताकि मतदाता सूची की शुद्धता बनी रहे। जिन मतदाताओं की मैपिंग अब तक नहीं हो सकी है, उनके संबंध में स्पष्ट टिप्पणी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि एक ही परिवार के सभी सदस्यों की मैपिंग एक ही बूथ पर सुनिश्चित की जाए। यदि परिवार के सदस्य अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं, तो आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें सही बूथ पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और बीएलओ से आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर चर्चा कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी अमृता शर्मा, गौरव पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, तुषार सैनी, राहुल शाह, रिचा सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, तहसीलदार, पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## तुलना करने से तनाव आत्मविश्वास से सफलता

बोर्ड परीक्षा का समय विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण होता है। यह केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, धैर्य और आत्मविश्वास की भी परीक्षा होती है।अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा का नाम सुनते ही परीक्षार्थियों में चिंता, घबराहट और असफलता का भय बढ़ जाता है।यह स्वाभाविक है,परंतु अत्यधिक तनाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो परीक्षा का दबाव तब अधिक महसूस होता है जब विद्यार्थी स्वयं को केवल अंको से जोड़ लेते हैं। वे सोचने लगते हैं कि कम अंक आए तो भविष्य अंधकार मय हो जाएगा। यह सोच ही तनाव का मुख्य कारण बनती है। आवश्यक है कि विद्यार्थी समझे- अंक महत्वपूर्ण हैं, परंतु वे जीवन का अंतिम सत्य नहीं है।वास्तविक सफलता निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और अत्याधिक आत्मविश्वास से मिलती है। परीक्षा की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन अत्यधिक आवश्यक है। एक व्यवस्थित अध्ययन योजना, छोटे-छोटे लक्ष्य और नियमित पुनरावृत्ति तनाव को काफी हद तक काम कर देते हैं।पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और हल्का व्यायाम मानसिक ऊर्जा को बनाए रखने में सहायक होते हैं। मोबाइल व सोशल मीडिया का सीमित उपयोग भी एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है। अभिभावकों की भूमिका भी इस समय अत्यधि क महत्वपूर्ण हो जाती है। कई बार माता-पिता अनजाने में बच्चे पर अपेक्षाओं का अधिक अतिरिक्त दबाव डाल देते हैं उन्हें चाहिए कि वह बच्चों की तुलना दूसरे से ना करें, बल्कि उनकी क्षमता और प्रयास की सराहना करें। प्रोत्साहन और विश्वास का वातावरण बच्चे के आत्मबल को सुढ करता है।



-डॉ. एस.के.पांडेय (समाजशास्त्री व लेखक)

# विद्यालय के पास बंद नाले से फैली गंदगी

गदरपुर। गदरपुर के वार्ड नंबर 9 में स्थित राजरानी इंटर कॉलेज गदरपुर में इन दिनों परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसी बीच विद्यालय के पास से गुजर रहा नाला कचरे से पूरी तरह बंद हो गया, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैलने लगा। जलभराव और बदबू के कारण स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।विद्यालय के प्रध ानाचार्य पंकज कांडपाल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत वार्ड के सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के दौरान ऐसी स्थिति से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।सूचना मिलते ही सलीम बाबा ने तत्परता दिखाते हुए नगर पालिका प्रशासन से संपर्क किया। उनके प्रयासों से सफाई कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और बंद पड़े नाले की सफाई कर उसे खुलवाया गया। कचरा हटाने के बाद नाले का पानी सुचारु रूप से बहने लगा, जिससे सड़क पर फैला गंदा पानी भी हट गया और आवागमन सामान्य हो सका।स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी त्वरित कार्रवाई के लिए सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली और परीक्षाएं सुचारु रूप से जारी रहीं। प्रधानाचार्य पंकज कांडपाल ने सलीम बाबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से ही ऐसी समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है।



# संजय नगर खेड़ा में अखंड नाम संकीर्तन महायज्ञ संपन्न

रूद्रपुर। संजय नगर खेड़ा स्थित दुर्गा पूजा प्रांगण में श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन महायज्ञ का शनिवार को विधि-विधान और पूर्ण श्रद्धा के साथ समापन हो गया। इस आध्यात्मिक आयोजन के अंतिम दिन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने संकीर्तन में शिरकत की। उन्होंने भगवान की प्रतिमा के सम्मुख मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और विभिन्न कीर्तन मंडलियों को सम्मानित किया। इस महायज्ञ में श्री राधा कृष्ण सम्प्रदाय, श्री हरि सम्प्रदाय, श्री श्री गोपाल सम्प्रदाय, प्रियंका सम्प्रदाय, श्री गुरु मदन सम्प्रदाय और ब्रजेश्वरी सम्प्रदाय जैसी प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियों ने अपने सुमधुर भजनों और संकीर्तन से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने संकीर्तन का आनंद लिया और प्रभु भक्ति में भावविभोर नजर आए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल को



आयोजकों ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति और आत्मिक संतोष के लिए प्रभु का नाम संकीर्तन ही सबसे सरल मार्ग है। संकीर्तन महायज्ञ जैसे आयोजन आपसी भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष अरुण दास, महासचिव नरेंद्र विश्वास, नंद गोपाल राय, दीपांकर बावली, मलय मण्डल, जयंत मण्डल, सूरज मण्डल और देवानंद स्वर्णकार के अलावा डॉ. सुनील ढाली, सौरव मिस्त्री, जयदेव सरकार, तपन विश्वास, विशाल मल्लिक, प्रदीप राय, विशाल साना, प्रभात मण्डल, पारस, न्यूटन राय, सुनील विश्वास, रविन्द्र नाथ राय, सुकुमार विश्वास, भूपति रंजन मल्लिक, विकास मल्लिक, असित बाला, अंबर मण्डल, देवेन्द्रनाथ बावली, भोपाल राय, डॉ. अमित राय, शिवपद मण्डल, आनंद शर्मा, अनुकूल दास, उत्तम चौधरी, शिव कुमार राय, राजू बढ़ाई, विशाल बाछाड़, गोविंद स्वर्णकार और सुजीत मण्डल सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# सरस मेले में युवक की बाइक चोरी

रुद्रपुर। सरस मेला देखने आए युवक की बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना 20 फरवरी 2026 की शाम 8:30 से 9:00 बजे के बीच की बताई जा रही है।सिंह कॉलोनी गली नंबर 10 निवासी भूप राम ने बताया कि वह सरस मेला देखने गांधी पार्क आए थे और अपनी हीरो हौंडा स्प्लेंडर प्लस (नंबर यूपी25एडी 5337) को होटल सारथी के सामने स्थित परिसर में खड़ा कर मेला देखने चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर वाहन वहां से गायब मिला। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने घटना की सूचना आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**दिव्य और भव्य होगा...**मार्गदर्शन में हम इस बार के कुंभ को 'दिव्य और भव्य'' स्वरूप प्रदान करें। आज जिन स्थाई कार्यों की नींव रखी गई है, वे हरिद्वार की तस्वीर बदल देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं को देवभूमि की गरिमा के अनुरूप विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कुंभ के आयोजन में गुणवत्ता और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्थाई निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं ताकि अंतिम समय में कोई बाधा न आए। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 का कुंभ स्वच्छता, सुरक्षा और सुप्रबंधन का एक नया मानक स्थापित करेगा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सहित शासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

**खटीमा हत्याकांड...**ने घेराबंदी कर आरोपी रवि चंद पुत्र स्व. जगदीश चंद को झनकट क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह हरियाणा के नांगल में मजदूरी करता है और उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। 17 फरवरी की शाम वह चेहरा छिपाकर अपनी ताई जानकी चंद के घर पहुंचा। वहां उसने अपनी ताई के साथ भोजन भी किया। जैसे ही उसे मौका मिला, उसने अपने मफलर से ताई का मुंह और गला दबा दिया। संघर्ष के दौरान वृद्धा फर्श पर गिर गई, जिससे उनके नाक-मुंह से भारी रक्तस्राव हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने अलमारी से नकदी भरा पर्स लूटा और बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लूटा गया माल बरामद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस का यह कड़ा रुख भविष्य में भी जारी रहेगा

**शेयर टेडिंग के नाम ...**सोल्यूशन के खाते में 1.55 लाख रुपये और 6 फरवरी को अपने मित्र की फर्म के खाते से अहमदिया हज टूर ट्रेवलर्स के खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर किए। नृपेन्द्र को फर्जी एप्लीकेशन में निवेशित रकम पर बड़ा मुनाफा दिखाया जाता रहा, जिससे वे झांसे में रहे। ठगी का खुलासा तब हुआ जब आरोपियों ने आईपीओ खरीदने के नाम पर और पैसे मांगे। जब पीड़ित ने असमर्थता जताते हुए अपनी धनराशि निकालने की कोशिश की, तो उनसे बकाया रकम जमा करने का दबाव बनाया गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 18 फरवरी को पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात जालसाजों के विरुद्ध आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों और व्हाट्सएप नंबरों की जांच कर रही है, जिनके माध्यम से इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया।

**उत्तराखंड बोर्ड ...**हाईस्कूल में 1,12,266 और इंटर मीडिएट में 1,02,986 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाएं प्रतिदिन सुबह 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा के पहले दिन शनिवार को इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय का पेपर दिया। हाईस्कूल की मुख्य परीक्षाएं 23 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड प्रशासन ने नकल रोकने के लिए राज्य स्तर पर तीन सचल दलों (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया है, जो केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही, संवेदनशील केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है।उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन के लिए प्रदेशभर में 39 संग्रह केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुमाऊं में 13 और गढ़वाल मंडल में 26 केंद्र शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। बोर्ड के सचिव ने बताया कि 16 जनवरी से 15 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं पहले ही संपन्न कराई जा चुकी हैं। शासन और बोर्ड का लक्ष्य 20 मार्च तक चलने वाली इन परीक्षाओं को पूरी तरह निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, ताकि परिणामों की विश्वसनीयता बनी रहे।

**राष्ट्रीय सुरक्षा हर ...** सम्मेलन में यहाँ के छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए शिक्षकों को छात्रों के सपनों का शिल्पकार बताया।इसी क्रम में विश्वविद्यालय की प्रगति का विवरण साझा करते हुए कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि संस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार को 450 करोड़ रुपये के पाँच बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तावित किए गए हैं। साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए हाल ही में 74 शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के साथ श्जूनियर लेवल डिफेंस मैनेजमेंट डिप्लोमाश के लिए ऐतिहासिक समझौता किया है, जिससे सैन्य और अकादमिक क्षेत्र के बीच नया तालमेल स्थापित होगा। इसके अलावा, सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के लिए सिविल सेवा परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक विषयों पर कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। जनरल चौहान ने इन तकनीकी और रणनीतिक जिज्ञासाओं का बड़ी आत्मीयता से समाधान किया, जिससे विद्यार्थियों को रक्षा क्षेत्र की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समस्त फैकल्टी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने सीडीएस के विचारों से प्रेरणा ली

**दहशत फैलाने वाले ..**हुआ। वहीं, दूसरे आरोपी प्रेम कुमार साहनी पुत्र राम देव साहनी, निवासी डिबडिबा (बिलासपुर, रामपुर) के पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आज उनकी मटकोटा के एक लड़के से लड़ाई हुई थी। उसे डराने और बाजार में दहशत फैलाने के लिए उन्होंने मॉल के पीछे दुकानों के सामने तमंचे लहराए थे। वे वहां अपने एक अन्य दोस्त का इंतजार कर रहे थे जो उन्हें मोटरसाइकिल से लेने आने वाला था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, दीपक बहुगुणा, कांस्टेबल कृष्णा टम्टा और किशन सिंह शामिल रहे।

**राहगीर से मारपीट कर...**पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर कंप्यूटर में शब्द दर शब्द प्रविष्टि अंकित कर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुट गई है।


**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर**

उत्तराधिकार वाद सं०-03 सन् 2025

वादी -रविन्द्र विश्वास पुत्र स्व० पुत्र शीतल विश्वास

निवासी - ग्राम अरविन्द नगर तहसील सितारगंज, जिला-उधम सिह नगर।

बनाम

विपक्षीगण -1. श्रीमती चपला पुत्री नामालूम निवासी ग्राम अरविन्द नगर तहसील सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर।

2. हर आम व खास

अखबार प्रकाशन हेतु

बनाम

हर आम व खास

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि वादी (रविन्द्र विश्वास पुत्र शीतल विश्वास) द्वारा उरोक्त वाद अंतर्गत धारा 359 उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अधिनियम इस न्यायालय के समक्ष ग्राम अरविंद नगर, तहसील सितारगंज, किला उधम सिंह नगर के खसरा सं0 204 में 1.011है0 में वादी को उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने वास्ते वाद दायर किया गया है, जिसमे दिनांक 28.2.2026 की तिथि नियत हैं। यदि आपको पक्ष / आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप असालतन या वकालतन नियत तिथि में इस न्यायालय श्रीमान के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा उपरोक्त वाद की कार्यवाही, आपकी अनुपस्थिति में अग्रेसित करी जायेगी।

आज अदालत मुहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सदर/मुन्सरिम

न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश

उधम सिंह नगर, रूद्रपुर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in


पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# सरस मेले में पहाड़ी गीतों पर जमकर थिरके दर्शक

## गायक गोविंद दिगारी, खुशी जोशी और ललित मोहन जोशी ने बांधा समां







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला-2026 के सातवें दिन आयोजित उत्तराखंडी सांस्कृतिक संध्या ने गांधी पार्क में पहुंचे जनसमूह को मनोरंजन, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध गायकों की टीम ने मां नंदा-सुनंदा की स्तुति के साथ किया। संध्या के मुख्य आकर्षण रहे गायक गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, फौजी ललित मोहन जोशी, राकेश पनेरू और राकेश जोशी ने एक के बाद एक लोकप्रिय पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों के शानदार मंच प्रदर्शन ने पूरे आयोजन स्थल को उत्सवमय माहौल में बदल दिया, जहां उपस्थित लोग संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए।सातवें दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा और मंजीत सिंह राजू ने शिरकत की। अतिथियों ने अपने संबोधन में सभी को सरस मेले की बधाई देते हुए उत्तराखंड और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरस आजीविका मेला न केवल ग्रामीण उत्पादों और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का सशक्त मंच है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता और मनोरंजन का केंद्र बनकर समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरो रहा है। कलाकारों की ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने मेले की सफलता को नई ऊंचाई प्रदान की, जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बन गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, तहसीलदार दिनेश कुटौला, अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिम्वाल और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदनी तोमर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और दर्शकों ने मौजूद रहकर सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया।







# विधायक बेहड़ के आरोपों को गफ्फार खान ने बताया निराधार



किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम दरऊ के प्रधान पति एवं भाजपा नेता गफ्फार खान ने कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा उन पर लगाए गए अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत करार दिया है। शनिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए गफ्फार खान ने विधायक बेहड़ पर तीखा हमला बोला और इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले की एक सोची-समझी सियासी साजिश बताया।भाजपा नेता गफ्फार खान ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ पूर्व में जो छह मुकदमे दर्ज थे, वे सभी कानूनी प्रक्रिया के बाद खत्म हो चुके हैं और वर्तमान में उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने बरेली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईटी द्वारा ग्राम दरऊ में एक युवक के घर पर अवैध हथियारों के शक में छापेमारी की गई थी, लेकिन एसएसपी बरेली की प्रेस वार्ता में उनका नाम केवल विधायक बेहड़ के राजनीतिक दबाव के कारण घसीटा जा रहा है। गफ्फार ने आरोप लगाया कि विधायक बेहड़ अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन और आगामी चुनाव में हार की आशंका को देखते हुए उन्हें बदनाम करने और झूठे केस में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। गफ्फार खान ने एसएसपी बरेली से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सच सबके सामने आना चाहिए। उन्होंने विधायक को चुनौती देते हुए कहा कि केवल आरोपों की राजनीति करने के बजाय तथ्यों पर बात होनी चाहिए। इस बयान के बाद किच्छा की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोपों का दौर और तेज हो गया है।

# पुलिस ने खनन के ओवरलोड 9 वाहनों को किया सीज

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरकड़ा पुलिस ने ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर खनन के नौ वाहनों को सीज कर दिया। जिससे खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। सरकड़ा चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने बॉर्डर क्षेत्र में सख्त चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड और तेज रफ्तार 9 खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों को सीज कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया और सड़कों में सुनसानी हो गई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में लगातार पुलिस टीम यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है।